उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# आगरा मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत एनाउन्सर संवर्ग के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.–** म.प्र./उ.म.रे./का.अ./वाणिज्य/ आगरा /13/18–19


<u>मार्गदर्शन एवं निर्देशन</u>

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |


........

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | आगरा मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत एनाउन्सर. संवर्ग के कार्य की समीक्षा। |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | एनाउन्सर । |
| 3. | विभाग | वाणिज्य |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2018–19 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 05.07.2018 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 18.09.2018 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 03 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 00 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 03 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 16,99,368/-<br>(सोलह लाख निन्यानवे हजार तीन सौ अडसठ रू0 मात्र)। |

## आभार

कार्याध्ययन दल आगरा मंडल के श्री आशुतोष सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल डा0 संचित त्यागी, मंडल वाणिज़्य् प्रबंधक/ आगरा मंडल एवं श्री विवेक चतुर्वेदी, मंडल वाणिज्य निरीक्षक/मैन पावर प्लानिंग/ आगरा मंडल का विशेष आभारी है, जिन्होंने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

.....

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ आगरा मंडल के अधीन कार्यरत एनाउन्सर संवर्ग का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है एवं किसी भी स्टाफ द्वारा एनाउन्सर का कार्य नहीं किया जा रहा है । अतः कार्याध्ययन दल आगरा मंडल के अधीन सभी 03 एनाउन्सर संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में रेलवे कार्यों हेतु कंप्यूटर का समावेश होने से रेलवे का काफी कार्य आसान हो गया है। रेलवे स्टेशनों पर उद्‌घोषणा का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सम्पन्न किया जा रहा है । इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "आगरा मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत एनाउन्सर संवर्ग के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्याध्ययन आगरा मण्डल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / आगरा मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

## अध्याय–द्वितीय

### कर्मचारी संख्या एवं निविदा का विवरण

2.1.**कर्मचारी संख्या**:–वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ आगरा मंडल के अधीन कार्यरत एनाउन्सर के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनाउन्सर | 5200 - 20200 GP-2000 (लेवल–3) | 02 | 00 | 02 |
| 2 | एनाउन्सर | 5200 - 20200 GP-1900 (लेवल–2) | 01 | 00 | 01 |
| | | **योग** | **03** | **00** | 03 |

2.2 **कार्य का विवरण**:– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा कैन्ट, आगरा फोर्ट, राजा की मंडी एवं मथुरा स्टेशनों पर किसी भी स्टाफ द्वारा एनाउन्सर का कार्य नहीं किया जा रहा है। एनाउन्समेंट का सभी प्रकार का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है।

## अध्याय–तृतीय

### वित्तीय परिणाम

3.0 इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनाउन्सर | 5200 - 20200 GP-2000 (लेवल–3) | 02 | 48,578/- | 97,156/- | Rs. 11,65,872/- |
| 2 | एनाउन्सर | 5200 - 20200 GP-1900 (लेवल–2) | 01 | 44,458 | 44,458 | Rs. 5,33,496/- |
| | | | | कुल | | Rs. 16,99,368/- |
| (सोलह लाख निन्यानवे हजार तीन सौ अडसठ रु0 मात्र )। | | | | | | |

**3.1** संस्तुतिः–

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / आगरा मंडल के अधीन कार्यरत एनाउन्सर संवर्ग का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है एवं आगरा कैन्ट, राजा की मंडी, आगरा फोर्ट एवं मथुरा स्टेशनों पर किसी भी स्टाफ द्वारा एनाउनंसर का कार्य नहीं किया जा रहा है । अतः कार्याध्ययन दल आगरा मण्डल के अधीन सभी 03 एनाउनंसर संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////-----------/////////////////////////////////